अमर उजाला 09/09/2025

# जल संरक्षण पर विस्तृत केस स्टडी पेश

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में कॉर्पोरेट जल जिम्मेदारी केस स्टडी प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों की जल संरक्षण पहल पर विस्तृत केस स्टडी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप यादव ने समन्वयक के रूप में किया। कॉलेज में प्रोफेशनल एथिक्स विषय पर सेमीनार करवाया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में दलबीर सिंह व डॉ. अजय डोगरा ने संबोधित किया। संवाद